VCAL (वी.सी.ए.एल) क्या है?

विक्टोरियन सर्टिफिकेट ऑफ एप्लाइड लर्निंग (Victorian Certificate of Applied Learning) (VCAL) कक्षा 11 और कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए एक प्रायोगिक विकल्प है।

VCAL आपको कार्य-संबंधित प्रयोगात्मक अनुभव के साथ-साथ साक्षरता व अंक-ज्ञान की योग्यताएं प्रदान करता है और जीवन जीने व कार्य करने के लिए महत्वपूर्ण व्यक्तिगत योग्यताओं को विकसित करने का अवसर उपलब्ध कराता है। और विक्टोरियन सर्टिफिकेट ऑफ एजुकेशन (VCE) की तरह ही VCAL एक मान्यता-प्राप्त सीनियर सैकेंडरी योग्यता है।

VCAL करने वाले विद्यार्थियों की रूचि आगे चलकर टेक्नीकल एंड फर्दर ऐजुकेशन (TAFE) पर प्रशिक्षण प्राप्त करने, अप्रेंटस्शिप करने, या स्कूली पढ़ाई समाप्त करने के पश्चात नौकरी करने की हो सकती है। परंतु, यदि अपना VCAL शुरू करने के पश्चात आप यह निर्णय लेते/लेती हैं कि आख़िरकार VCE ही आपके लिए उचित विकल्प है, तो भी अपना मन बदलने में बहुत देर नहीं हुई होगी।

VCAL की अनुकूलनशीलता आपको एक ऐसे अध्ययन प्रोग्राम को शुरू करने में सक्षम बनाती है जो आपके हितों और विद्या-प्राप्ति की ज़रूरतों से मेल खाता हो। पूरी तरह से मान्यता प्राप्त मॉडयूल्स व युनिटस का चयन निम्नलिखित चार अनिवार्य पहलुओं के लिए किया जाता है:

- साक्षरता एवं अंक-ज्ञान की योग्याताएं
- कार्य संबंधी योग्यताएं
- विशिष्ट औद्योगिक योग्यताएं
- व्यक्तिगत विकास की योग्यताएं

यदि आप सफलतापूर्वक अपना VCAL समाप्त करते/करती हैं, तो आपको एक सर्टिफिकेट और स्टेटमेंट ऑफ रिजल्टस (परिणामों का विवरण) प्राप्त होगा जो कि आपके द्वारा पूरी की गई शिक्षा के क्षेत्रों का विस्तृत वर्णन करेगा।

मेरे लिए क्या जानना आवश्यक है

मैं VCAL करने का चयन क्यों करूँगा/करूँगी?

यद्यपि VCE उन विद्यार्थियों के लिए एक बढ़िया विकल्प है जो आगे चलकर युनिवर्सिटी की पढ़ाई करना चाहते/चाहती हैं, परंतु आपको ऐसा लग सकता है कि यह आपके लिए सही विकल्प नहीं है।

VCAL एक मान्यता-प्राप्त सीनियर सैकेंडरी स्कूली योग्यता है जिसे कक्षा 11 व कक्षा 12 के दौरान प्राप्त किया जाता है। VCAL प्रायोगिक शिक्षा पर आधारित है, जिसे "एप्लाइड लर्निंग (व्यावहारिक विद्या-प्राप्ति)" के नाम से भी जाना जाता है।

यदि आप VCAL करने का चयन करते/करती हैं, तो आप प्रायोगिक अनुभव और 'रोज़गार क्षमता' की योग्याताएं व साथ ही उन योग्यताओं को भी हासिल करेंगे/करेंगी जिनकी ज़रूरत आपको आगे चलकर कार्यक्षेत्र या TAFE पर प्रशिक्षण के दौरान पड़ेगी।

मैं VCAL कहाँ से कर सकता/सकती हूँ?

VCAL को राज्य-भर में स्कूलों, TAFE संस्थानों और कुछ वयस्क सामुदायिक शिक्षा (Adult Community Education) (ACE) केंद्रों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। www.vcaa.vic.edu.au देखें और VCAL के सारे प्रदाताओं की सूची के लिए Search for Schools and Study (स्कूलों व पढ़ाई की सर्च) का चयन करें।

VCAL के स्तर कौन से हैं?

VCAL के तीन स्तर हैं – फाउंडेशन (बुनियादी), इंटरमीडिएट (माध्यमिक) और सीनियर (वरिष्ठ)। आपका अध्यापक या करियर काउंसलर यह निर्णय लेने में आपकी मदद करेगा कि कौन सा स्तर आपकी आवश्यकताओं के लिए सबसे उपयुक्त है।

क्या भर्ती होने की कोई आवश्यकताएं हैं?

नहीं। आप उस स्तर पर VCAL शुरू करते/करती हैं जो आपकी क्षमताओं से मेल खाता है। आपका अध्यापक या करियर काउंसलर यह निर्णय लेने में आपकी मदद कर पाएगा कि कौन सा स्तर आपके लिए सबसे उचित है।

VCAL पूरा करने में मुझे कितना समय लगेगा?

VCAL को कक्षा 11 और कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है। जब आप अपने द्वारा चुने गए स्तर पर VCAL प्रोग्राम पूरा करते/करती हैं, तो आपको एक VCAL सर्टिफिकेट और स्टेटमेंट ऑफ रिजल्टस (परिणामों का विवरण) मिल सकता है। बहुत से विद्यार्थी VCAL के स्तर को एक वर्ष में पूरा कर लेते हैं।

VCAL सफलतापूर्वक पूरा करने पर आपको क्या मिलता है?

यदि आप अपने VCAL प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा करते/करती हैं, तो आपके द्वारा पूरा करने के लिए चुने गए स्तर के हिसाब से, आपको फाउंडेशन, इंटरमीडिएट या सीनियर स्तर का VCAL सर्टिफिकेट मिलेगा। आपको स्टेटमेंट ऑफ रिजल्टस (परिणामों का विवरण) भी मिलेगा, जिसमें VCAL, VCE एवं वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (VET) के सारे युनिटस का सूचीकरण किया गया होगा।

मेरे VCAL में किसे सम्मिलित किया जाता है?

वोकेशलन एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (VET) सर्टिफिकेट क्या है?

वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (VET) स्कूलों, प्रशिक्षण संस्थानों और उद्योगों को अवसर देता है कि वे विद्यार्थियों को रोज़गार और आगे के प्रशिक्षण के लिए तैयार करने के लिए मिलकर काम करें। अधिकांश सैकेंडरी स्कूल VCAL के संतोषजनक समापन में योगदान देने वाले VET कोर्सिस उपलब्ध कराते हैं और राष्ट्रीय तौर पर मान्यता-प्राप्त वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग क्रेडेंशियल (व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण का प्रमाण-पत्र) प्रदान करते हैं।

क्या VET की पहली की पढ़ाई मेरे VCAL में गिनी जाएगी?

हाँ। यह पता लगाने के लिए कि आपकी पहले की कितनी पढ़ाई आपके VCAL में गिनी जाती है तथा साथ ही आपके शेष VCAL प्रोग्राम की योजना बनाने के लिए आपको अपने अध्यापक या करियर काउंसलर से बात करनी चाहिए।

मैं VCE का एक विषय पहले ही पूरा कर चुका/चुकी हूँ। क्या यह मेरे VCAL में सम्मिलित किया जाएगा?

हाँ। यदि VCE युनिट को संतोषजनक रूप से पूरा करने में आपका परिणाम 'S' रहा हो, तो इसे आपके VCAL में गिना जाएगा। अपने शेष VCAL प्रोग्राम की योजना बनाने हेतु अपने अध्यापक या करियर काउंसलर से बात करें।

यदि मेरा मन बदलता है तो क्या मैं VCE में बदली कर सकता/सकती हूँ?

यदि आप इस विकल्प का चयन करते/करती हैं, तो आपको अपने अध्यापक या करियर काउंसलर के साथ बात करनी चाहिए।

क्या VCAL में नामांकित होते हुए मैं पार्ट-टाइम (अंशकालिक) तौर पर काम कर सकता/सकती हूँ या अप्रेंटस्शिप (प्रशिक्षुता) जारी रख सकता/सकती हूँ?

VCAL में नामांकित होने के दौरान आप पार्ट-टाइम कार्य के लिए रिकोग्नेशन (मान्यता) व क्रेडिट हासिल कर सकते/सकती हैं। यह कार्य निम्न प्रकार का हो सकता है:

- स्कूल पर आधारित अप्रेंटस्शिप या ट्रेनिशिप
- पार्ट-टाइम नौकरी
- कार्यक्षेत्र पर ज्ञान-प्राप्ति के लिए संरचित प्लेसमेंटस (नियोजन)।

VCAL का आंकलन किस प्रकार किया जाता है?

VCAL में मान्यता-प्राप्त कोर्सिस/सर्टिफिकेटस शामिल होते हैं। आपके VCAL प्रोग्राम का आंकलन आपके अध्यापक द्वारा प्रोग्राम के प्रत्येक भाग की आंकलन आवश्यकताओं के अनुसार किया जाता है।

क्या मेरे लिए जनरल एचीवमेंट टेस्ट (GAT) में बैठना आवश्यक है?

GAT लेखन, गणित, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान तथा कला में ज्ञान और योग्यताओं की एक परीक्षा है। एक या एक से अधिक VCE के युनिट 3 व 4 अनुक्रम करने वाले सभी विद्यार्थियों को यह परीक्षा देनी पड़ती है। स्कोर दिए जाने वाले VCE VET के युनिट 3 व 4 अनुक्रम करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी की GAT परीक्षा में बैठना ज़रूरी होगा। जिन विद्यार्थियों का नामांकन केवल VCAL के युनिटस के लिए हो, उनके लिए GAT की परीक्षा में बैठना अनिवार्य नहीं है। परंतु, यदि GAT की परीक्षा में बैठना आगे चलकर शिक्षा, प्रशिक्षण या रोज़गार के आपके रास्ते के लिए उचित है, तो आप इसमें बैठने का चयन कर सकते/सकती हैं।

मेरी पढ़ाई में क्या शामिल होता है?

अपने अध्यापक या करियर काउंसलर की मदद से, आप एक ऐसे प्रोग्राम को तैयार कर सकते/सकती हैं जो ज्ञान-प्राप्ति की आपकी ज़रूरतों व रूचियों से मेल खाता हो। आपको VCAL के निम्नलिखित चार अनिवार्य भागों में से प्रत्येक भाग के लिए युनिटस व मॉडयूल्स चुनने का अधिकार है:

भाग 1- साक्षरता एवं अंक-ज्ञान की योग्यताएं

आपके VCAL प्रोग्राम में साक्षरता एवं अंक-ज्ञान के विषय अवश्य ही शामिल होने चाहिए। इनका चयन VCAL की साक्षरता योग्यताओं एवं VCAL की अंकज्ञान की योग्यताओं के युनिटस और/या VCE अँग्रेज़ी एवं गणित अथवा सर्टिफिकेट इन जनरल एजुकेशन (वयस्कों के लिए) जैसे चुने हुए शिक्षा के अन्य विषयों में से किया जा सकता है।

भाग 2- विशिष्ट औद्योगिक योग्यताएं

इंटमीडिएट व सीनियर स्तर पर आपके प्रोग्राम में राष्ट्रीय तौर पर मान्यता-प्राप्त VET योग्यताओं के भाग शामिल होने चाहिए। परंतु, आपको VET के मात्र किसी एक सर्टिफिकेट पर ध्यान देने, या उसे पूरा करने की ज़रूरत नहीं है। उदाहरणत:, VCAL की ज़रूरतों को पूरा करने, व विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में अनुभव हासिल करने के लिए आप भिन्न प्रकार के VET सर्टिफिकेटों में से मॉडयूल्स या युनिटस पूरे करने का चयन कर सकते/सकती हैं। VET विकल्पों के प्रकार व्यापक हैं और कुछ उदाहरणों में ऑटोमोटिव, इंजीनियरिंग, निर्माण एवं संरचना (बिल्डिंग एवं कंसट्रक्शन), हॉस्पिटेलिटी एवं रिटेल, मल्टीमीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी, खेती-बाड़ी, बागवानी, वेयर हाउसिंग और हेयर व ब्यूटी शामिल हैं।

भाग 3 – कार्य संबंधी योग्यताएं

'रोज़गार क्षमता' की योग्यताओं को विकसित करने के लिए, VCAL आपको कार्यक्षेत्र पर संरचित प्लेसमेंट, स्कूल-आधारित अप्रेंटस्शिप/ट्रेनिशिप, या पार्ट-टाइम काम करने में से किसी एक का चयन करने का विकल्प देता है। आप युनिटस व मॉडयूल्स की पढ़ाई भी कर सकते/सकती हैं जिससे आपको नौकरी करने के लिए तैयार रहने में मदद मिलेगी, उदाहरणत: व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा या नौकरी के लिए इंटरव्यू की योग्यताएं।

भाग 4 – व्यक्तिगत विकास की योग्यताएं

अपने VCAL प्रोग्राम के भाग के रूप में आप अपने समुदाय या स्कूल में परियोजनाओं और गतिविधियों में भाग लेंगे/लेंगी जिससे सामूहिक-कार्य करने की आपकी योग्यताओं, आपके आत्म-विश्वास और जीवन तथा रोज़गार के लिए महत्वपूर्ण अन्य योग्यताओं का विकास करने में सहायता मिलेगी। उदाहरण के लिए, पार्कलैंडस (उद्यान-स्थलों) में विस्तार करने के लिए आपका स्कूल स्थानीय काउंसिल के साथ कार्य कर सकता है। ऐसे प्रौजेक्ट में शामिल होने से आपको मिलने वाले ज्ञान को VCAL में सम्मिलित किया जाएगा।

VCAL मुझे कहाँ ले जा सकता है?

VCAL सफलतापूर्वक समाप्त करने पर क्या मैं उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश कर सकता/सकती हूँ?

यदि आप स्कूली पढ़ाई के बाद सीधे युनिवर्सिटी में दाखिल होने पर विचार कर रहे/रही हैं, तो सम्भवत: VCAL आपके लिए सबसे बढ़िया विकल्प नहीं है। सीधे उच्च शिक्षा में दाखिल होने की योजना बनाने वाले विद्यार्थी आम तौर पर VCE करते हैं जिससे उन्हें विक्टोरियन टर्शरी एडमीशन सेंटर (VTAC) से ऑस्ट्रेलियन टर्शरी एडमीशन रेंक (ATAR) हासिल होता है। यदि आप सीनियर स्तर पर VCAL की पढ़ाई कर रहे/रही हैं और आप यह निर्णय लेते/लेती हैं कि आपकी रूचि युनिवर्सिटी में दाखिल होने की हो सकती है, तो अपने अध्यापक या करियर काउंसलर से इस बात की जाँच करें क्योंकि कुछ युनिवर्सिटीयाँ उन विद्यार्थियों को दाखिला देने पर विचार करेंगी जिनके पास VCAL का सीनियर सर्टिफिकेट होता है। परंतु, सीधे स्कूली पढ़ाई के बाद प्रवेश लेना ही युनिवर्सिटी में दाखिल होने का एकमात्र तरीका नहीं है। कुछ लोग TAFE पर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग कोर्स की पढ़ाई करते हैं, फिर आगे चलकर डिप्लोमा या एडवांस्ड डिप्लोमा, और फिर यह निर्णय लेते हैं कि कोई युनिवर्सिटी कोर्स उनके लिए लाभप्रद होगा। इस राह पर VCAL एक अच्छी शुरूआत होगी।

VCAL समाप्त करने के उपरांत मेरे पास क्या विकल्प हैं?

VCAL आपको कार्य-संबंधित प्रायोगिक अनुभव और संस्थानों व नियोक्ताओं द्वारा मान्यता-प्राप्त योग्यता प्रदान करेगा। ये स्कूल से नौकरी, अप्रेंटस्शिप या ट्रेनिशिप और/या TAFE पर अगले प्रशिक्षण तक पहुँचने में मिलकर आपकी मदद करेंगे।

वैकल्पिक रूप से, यदि आप कक्षा 11 में फाउंडेशन स्तर पर अपने VCAL की पढ़ाई शुरू करते/करती हैं और इसे सफलतापूर्वक पूरा करते/करती हैं, तो आप आगे बढ़ते हुए कक्षा 12 में VCAL के इंटरमीडिएट या सीनियर स्तर पूरा करने पर ग़ौर कर सकते/सकती हैं। अथवा आप अपने विकल्पों पर पुन:विचार कर सकते/सकती हैं और यह निर्णय ले सकते/सकती हैं कि क्या आख़िरकार युनिवर्सिटी ही आपके लिए सही विकल्प है, और VCE पर बदली कर सकते/सकती हैं।

क्या VCAL मुझे किसी ट्रेड में प्रवेश करने के लिए तैयार करेगा?

यदि आपने अपने VCAL सर्टिफिकेट के भाग के रूप में VET युनिटस पूरे किए हैं, तो आपने ऐसे ज्ञान व कौशल को विकसित किया होगा जिसे नियोक्ता महत्त्व देते हैं, उदाहरण के लिए उद्योग के प्रति जागरूकता, उद्योग में आवश्यक टूलस का इस्तेमाल, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा। VET के पूरे किए गए युनिटस नियोक्ता को यह दर्शाने में भी मदद करेंगे कि आप इस उद्योग में काम करने के लिए उत्सुक हैं।

VCAL के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, Victorian Curriculum and Assessment Authority (विक्टोरियन पाठ्यक्रम एवं आंकलन प्राधिकरण) को 1800 134 197 पर संपर्क करें या www.vcaa.vic.edu.au देखें।